Amount spent on Sri Lankan Tamil refugees in India

5698. SHRI S. MADHAVAN : Will the Minister *of* HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) how much amount has been spent on the Sri Lankan Tamil refugees living in India upto31 st March, 1994: and

(b; the amount of grant received from U. N. Organisation for this purpose upto the 31st March, 1994?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. M. SAYEED): (a) From July, 1983 to 31st March, 1994, an amount of Rs. 100.20 crores has been spent for providing relief facilites and accommodation to the Sri Lankan Tamil refugees living in camps in India.

(b) The entire funding for Sri Lankan refugees living in India is provided by the Govt, of India.

राजभाषा का क्रियान्वयन न किए जाने के लिए उत्तरदायित्व का निर्धारण

5699. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राजभाषा नीति के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने में श्रीमी प्रगति के लिए मन्त्रालयों, विभागों/उपक्रमों के अधिकारियों को उत्तरदायी ठहराया गया है : और

(ख) यदि हां, तो उस पर किस-किस रूप में कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री० पी० एम० सईद)) : (क) राजभाषा नियम 1976 के नियम 12 के अन्तर्गत प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान का यह उत्तरदायित्व होगा कि वह राजभाषा सम्बन्धी प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करे। इस बारे में बनाये गये वार्षिक कार्यक्रम के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उपाय करना भी उसके उत्तरदायित्व में शामिल है।

(ख) समय-समय पर उपर्युक्त व्यवस्था के अनुपालन की मानिटरिंग राजभाषा विभाग द्वारा, तिमाही प्रगति रिपोर्टों और निरीक्षणों आदि के माध्यम से की जाती है और कमियों को दूर करने के बारे में सम्बन्धित कार्यालयों आदि को आवश्यक निर्देश दिए जाते हैं।

अयोध्या में पाए गए दुर्लभ अवशेषों की सुरक्षा

5700. **श्री राम जेठमलानी :**

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 6 दिसम्बर, 1992 को उत्तर प्रदेश में अयोध्या में गिराये गए ढांचे के मलबे में से अनेक मूर्तिकला अवशेष शिला लेख और पूर्ण मूर्तियां पाई गई थी ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने उन सभी दुर्लभ पुरातन अवशेषों को अपने अधिकार में लेकर उन्हें स्थायी व सुरक्षित रखने के लिए किसी संग्रहालय में रखा है ;

(ग) यदि हां, तो इन अवशेषों का ब्यौरा क्या है तथा इन्हें किस-किस संग्रहालय में रखा गया है ;

(घ) यदि इन अवशेषों को अपने अधिकार में लेकर इनकी सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) क्या सरकार इन अवशेषों को अपने अधिकार में लेकर तथा बिना किसी विलम्ब के कुछ सुरक्षित स्थानों पर प्रतिष्ठापित करने का विचार रखती है ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण): (क) से (ङ) दिनांक 7 जनवरी,